मुंबई, सोमवार, 03 अगस्त, 2026

मूल्य : 0.00/- । कुल पृष्ठ 04

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679

Digital Edition

वर्ष 12 । अंक 271

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया™

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353 | महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित | प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

**अनमोल वचन**

जिसके मन में श्रद्धा, हृदय में विश्वास और कर्मों में सेवा होती है, उस पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है।




# उदयपुर को 421 करोड़ रुपये के 457 विकास कार्यों की सौगात








♦ 21 परियोजनाओं का लोकार्पण और 436 कार्यों का शिलान्यास, जल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे को मिलेगा नया विस्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान के समग्र विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। पानी, बिजली, सड़क, उद्योग, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी जल परियोजनाओं, निवेश और रोजगार सृजन के माध्यम से प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री उदयपुर नगर निगम सभागार में आयोजित समारोह में 421 करोड़ रुपये की लागत से 457 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे थे। इनमें 21 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 436 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। बिजली क्षेत्र में भी राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। साथ ही नए ग्रिड सब-स्टेशनों की स्थापना और पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से किसानों को ऊर्जा उत्पादक बनाने का कार्य भी जारी है।

उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अब तक 1.78 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, 1.32 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है तथा 70 हजार से अधिक पदों पर नई भर्ती की तैयारी चल रही है। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित किए गए हैं।

उदयपुर जिले के लिए मुख्यमंत्री ने बताया कि 47 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 21 प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। इनमें आरएनटी मेडिकल कॉलेज में आधुनिक कैथ लैब, बुजुर्गों के लिए पुनर्वास गृह, राजकीय कन्या महाविद्यालय भवन, छात्रावास, आरसीसी नाला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खेल मैदान और अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही 373 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 436 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिनमें मातृ एवं शिशु विंग, आधुनिक सीवरेज सिस्टम, जिला चिकित्सालय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास, पुलिस आवास, सड़क, पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सिंचाई और पर्यटन सुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। अब तक 49,197 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित किया गया है, 18,067 किलोमीटर नई सड़कें बनाई गई हैं तथा 1,758 गांवों को पहली बार डामर सड़क से जोड़ा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कें और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भी व्यापक विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि, सहकारिता और डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। गांवों और शहरों के संतुलित विकास के लिए विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान चलाया जा रहा है। कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग यूनिटों को प्रोत्साहन देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने और सरस डेयरी की दुग्ध संग्रहण क्षमता में वृद्धि पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से किया नशामुक्त भारत के निर्माण का आह्वान







**'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' से जुड़े मुख्यमंत्री, बोले नशामुक्त, अनुशासित और विचारवान युवा ही विकसित भारत की शक्ति**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। युवा नशामुक्त, अनुशासित और विचारवान बनें तथा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता और सामर्थ्य का उपयोग राष्ट्र के विकास में करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' युवाओं में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री उदयपुर नगर निगम ऑडिटोरियम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े और युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी 100 सप्ताह तक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। इसमें माय भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, युवा क्लब, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा विभिन्न सामाजिक और आध्यात्मिक संगठन सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों और संस्थाओं को 50वें, 75वें और 100वें सप्ताह में सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश के 350 से अधिक महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में 'नई किरण नशामुक्ति केंद्र' स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 'राज सवेरा' कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालयों में नशामुक्ति वार्ड विकसित किए जा रहे हैं तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री युवा सहयोग पोर्टल शुरू किया गया है तथा नई राजस्थान युवा नीति लागू की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के बाद से पेपर लीक माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक 569 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रदेश में 410 परीक्षाएं बिना पेपर लीक के सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं। अब तक 1.78 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, 1.32 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है तथा 70 हजार से अधिक पदों पर नई भर्ती की तैयारी चल रही है। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित किए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई तथा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के यूथ आइकन पोस्टर का विमोचन भी किया। इससे पहले उन्होंने राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर में आयोजित 'नारी शक्ति रैली' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, आत्मविश्वास और समाज में उनकी निर्णायक भूमिका का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सांसद मन्नालाल रावत, चुन्नीलाल गरासिया, विधायक फूलसिंह मीणा, प्रताप लाल भील, उदयलाल डांगी, ताराचंद जैन, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# झाड़ोल ग्राम विकास चौपाल में बोले मुख्यमंत्री: राजीविका से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झाड़ोल के बीड़ा गांव में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं स्वरोजगार अपनाते हुए परिवार की आय बढ़ा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। चौपाल में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण, ऋण सुविधा और रोजगार के अवसर मिलने से उनकी आय में वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिल्पग्राम में 250 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिल्पग्राम परिसर में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के करीब 250 पौधे लगाए गए।

मुख्य अतिथि केंद्र के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संस्कृति संरक्षण का आधार है। उन्होंने पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल पर भी जोर दिया। अभियान में अशोक, नीम, पीपल, जामुन, महुआ, आम, शहतूत, अमलताश सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वन विभाग, रोटरी क्लब और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में लोगों ने श्रमदान कर अभियान में भाग लिया।

# मातृ-पितृ वंदन दिवस पर नमस्कार से दिया संस्कारों का संदेश



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेश जी में चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला के तहत मातृ-पितृ वंदन दिवस श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता-पिता का वंदन कर भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया। उपप्रवर्तिनी महासती मंजुल ज्योति म.सा. ने कहा कि गुणवान को नमस्कार करने से व्यक्ति भी गुणवान बनता है। उन्होंने माता-पिता के सम्मान, जैन जीवनशैली और सात्विक आचरण का महत्व बताया। साध्वी डॉ. वारिधि म.सा. एवं अन्य साध्वियों ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए, जबकि मातृ-पितृ वंदन पर भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालु भावुक हो उठे। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ निकाले गए तथा 3 अगस्त को नवीन कार्यालय के लोकार्पण की




# मुख्यमंत्री ने राजसमंद को दी 491 करोड़ रुपये की 347 विकास परियोजनाओं की सौगात








- 266 कार्यों का लोकार्पण और 81 परियोजनाओं का शिलान्यास, किसान, महिला, मजदूर और युवाओं के कल्याण को बताया सरकार की प्राथमिकता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित भारत और विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। किसान, महिला, मजदूर और युवाओं के कल्याण के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्यों को गति दे रही है।

मुख्यमंत्री ने राजसमंद में आयोजित समारोह में 491 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 347 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 369 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 266 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 122 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 81 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से श्रीनाथजी की आस्था की नगरी और महाराणा प्रताप की वीरभूमि के विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये की गई है। किसानों को बिजली बिलों में अनुदान दिया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाया जा रहा है। पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण, दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान तथा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार तक के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के मामलों में अब तक 569 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। राज्य में 410 परीक्षाएं बिना पेपर लीक के सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं। अब तक 1.78 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, 1.32 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है तथा 70 हजार से अधिक पदों पर नई भर्ती की तैयारी चल रही है। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें, ड्रेस, साइकिल और स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि, राजीविका स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र तथा कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। समारोह में विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, दीप्ति किरण माहेश्वरी, विश्वराज सिंह मेवाड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षिप्त

### ऑपरेशन त्रिनेत्र: 1.918 किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** उदयपुर रेंज के विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कुंवारिया थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कार से तस्करी की जा रही 1.918 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच आमेट थाना पुलिस को सौंपी गई है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र: 29.78 ग्राम एमडी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए 29.78 ग्राम एमडी ड्रग बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बलेनो कार भी जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है।

### 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिले में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत तिरंगा रैली, चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाइक व साइकिल रैली सहित विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाते हुए विशेष कार्यक्रम होंगे, जबकि 15 अगस्त को ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से घरों व संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा 'सेल्फी विद

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को राहुल भटनागर ने भेंट की 'अरण्यम' पुस्तक

**वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय नवाचारों पर आधारित पुस्तक की मुख्यमंत्री ने की सराहना**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर प्रवास के दौरान कालका माता नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ वन्यजीव विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) एवं नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के सदस्य राहुल भटनागर ने अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'अरण्यम' मुख्यमंत्री को भेंट की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुस्तक का अवलोकन करते हुए इसकी सराहना की और कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभवों का दस्तावेजीकरण विभाग तथा नई पीढ़ी के अधिकारियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं उपयोगी साबित होगा। उन्होंने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में किए गए ऐसे प्रयासों को सराहनीय बताया।

इस अवसर पर राहुल भटनागर ने मुख्यमंत्री को पुस्तक की विषयवस्तु से अवगत कराते हुए बताया कि 'अरण्यम' में उनके वन विभाग के सेवाकाल के दौरान वन एवं वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, विभिन्न नवाचारों, उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा विशिष्ट गतिविधियों का सचित्र एवं प्रामाणिक विवरण संकलित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रीन पीपल सोसाइटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषयक विशेष प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाया गया। स्टॉल पर वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा जनभागीदारी आधारित पर्यावरण अभियानों की जानकारी मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को दी गई।

ग्रीन पीपल सोसाइटी के सचिव डॉ. सतीश शर्मा ने सोसाइटी की विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों के साथ अपनी प्रकाशित पुस्तकों का परिचय कराया। उन्होंने पिपलांत्री ग्राम पंचायत में संचालित राजस्थान की प्रथम कार्बन क्रेडिट परियोजना की जानकारी देते हुए इसके पर्यावरणीय एवं आर्थिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, वन मंत्री संजय शर्मा, विधायक श्रीचंद कृपलानी, ग्रीन पीपल सोसाइटी के सचिव डॉ. सतीश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।


## सेनापति अमरचंद बड़वा को सैनिक सलाम, सशस्त्र सेना के नवरत्न हुए शामिल



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान के पांच दिवसीय जन्म जयंती समारोह के समापन पर सिटी रेलवे स्टेशन स्थित तोप माता बुर्ज पर 'सेनापति को सैनिक सलाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सशस्त्र सेना के नवरत्नों ने 'जगत शोभा' तोप और ठाकुर अमरचंद बड़वा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा में वक्ताओं ने ठाकुर अमरचंद बड़वा के राष्ट्रप्रेम और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर देते हुए उनके जीवन चरित्र को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। आर्किटेक्ट सुनील लड्डा ने निर्माणाधीन अमरचंद बड़वा चौराहे की टाइम कैप्सूल में उनके जीवन से जुड़ी जानकारी शामिल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लायंस क्लब ने सैनिकों का सम्मान किया तथा बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक और संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीधी बात




## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान को मिला जनसमर्थन, राजस्थान के हर जिले में निकली जागरूकता रैलियां

- महिला बीट अधिकारी, कालिका पेट्रोलिंग टीम और लाखों नागरिकों की सहभागिता से महिला सुरक्षा का दिया गया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में संचालित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत राजस्थान के सभी जिलों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता रैलियों, संवाद कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का संदेश लाखों नागरिकों तक पहुंचाया गया।

अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षकों ने महिला पुलिसकर्मियों, महिला बीट अधिकारियों एवं कालिका पेट्रोलिंग टीम के साथ संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही महिला सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रदेशभर में भव्य जागरूकता रैलियां निकाली गईं, जिनमें स्कूली छात्र-छात्राओं, सुरक्षा सखियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, राजीविका समूह की महिलाओं, एएनएम, आशा सहयोगिनियों, साथिनों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैलियों के दौरान प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े संदेशों वाली तख्तियां और बैनर लेकर मुख्य बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को जागरूक किया। कई जिलों में पैदल जागरूकता रैलियां निकाली गईं, जबकि अनेक स्थानों पर वाहन रैलियों के माध्यम से भी महिला सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस जनसहभागिता के माध्यम से महिला सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए लगातार प्रभावी गतिविधियां संचालित कर रही है। उन्होंने आमजन से भी महिला सुरक्षा के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे।

# खबर संक्षिप्त

## रफीक खान पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने दिया निष्पक्ष जांच का आदेश

संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल@पदमावत मीडिया।** राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने रफीक खान पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एफआईआर में नामजद हब्बास खां पुत्र रज्जाक खान, इशाक खान पुत्र रज्जाक खान, इरफान खान पुत्र फिरोज खान आरोपियों के नाम जांच के दौरान हटा दिए गए तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य संदिग्धों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। अब निष्पक्ष जांच के तहत सभी साक्ष्यों, विशेषकर सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जावे।

## राजसमंद में आज होगा सीड बॉल अभियान का शुभारंभ

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जिला एवं सेशन न्यायालय की ओर से सोमवार को ग्राम राबचा में सीड बॉल अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलका शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगी। अभियान के तहत राबचा की पहाड़ियों पर विभिन्न प्रजातियों के बीजों से तैयार सीड बॉल का प्रसारण किया जाएगा, ताकि वर्षा ऋतु में प्राकृतिक रूप से पौधों का विकास हो सके। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, न्यायालय स्टाफ और स्थानीय ग्रामीण भाग लेंगे। न्यायपालिका ने इसे पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

## 49.200 किलो डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** भीम थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 49.200 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और एक अतिरिक्त नंबर प्लेट भी जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर संभूरिया चौराहा पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कार की तलाशी में प्लास्टिक के कट्टों में भरा डोडा चूरा मिला। पुलिस ने भूपेंद्र सिंह (26) निवासी माणकलाव, जोधपुर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने डोडा चूरा चित्तौड़गढ़ से जोधपुर ले जाना स्वीकार किया। पुलिस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

## ऑपरेशन म्यूल हंटरः साइबर ठगी में इस्तेमाल दो बैंक खाता धारक गिरफ्तार

**बालोतरा@पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले दो म्यूल बैंक खाता धारकों को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपियों के खातों से 96.22 लाख रुपये के संदिग्ध ऑनलाइन लेनदेन का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपी कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते और उनसे जुड़े मोबाइल सिम साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग ठगी की रकम के लेनदेन में किया जाता था। दोनों के खातों का संबंध देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर ठगी के मामलों से मिला है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मास्टरमाइंड और अन्य सहयोगियों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही आमजन से बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की है।

## पंचायती राज व निकाय चुनाव में ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट ने पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग उठाई है। प्रदेश महिला अध्यक्ष मनीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि हालिया ओबीसी जनगणना के अनुसार राज्य में ओबीसी की आबादी 55 प्रतिशत से अधिक है, इसलिए चुनावों में भी उसी अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। संस्थापक दिनेश माली ने कहा कि अब तक ओबीसी समाज को उसकी जनसंख्या के अनुरूप राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शर्मिला माली, अर्चना भाटी, रामा गुर्जर, पी.एस. पटेल, किशन राव, बालकृष्ण सुहालका सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

♦ सुरेश अग्रवाल बने अध्यक्ष, पुखराज माली व शंकरलाल महेश्वरी उपाध्यक्ष निर्वाचित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

संवाददाता : माणकमल भंडारी



**भीनमाल।** स्थानीय खाद्य व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेमंकरी माताजी मंदिर परिसर में स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन उत्साह, सौहार्द और संगठनात्मक एकजुटता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यापारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा व्यापारी हितों के साथ सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

नई कार्यकारिणी में पारस मोदी एवं पीताम्बर महेश्वरी को संरक्षक मनोनीत किया गया। सुरेश अग्रवाल को अध्यक्ष, पुखराज माली एवं शंकरलाल महेश्वरी को उपाध्यक्ष, सरदाराराम माली को सचिव, नरपत लंगर को सह सचिव, जवानमल घांची को कोषाध्यक्ष तथा राजू छाजेड़ को सह कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने कहा कि संगठित व्यापार ही व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन की एकता, पारदर्शिता और आपसी सहयोग से व्यापारिक समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

संरक्षक पारस मोदी ने कहा कि खाद्य व्यापार संघ केवल व्यापारिक हितों की रक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, खाद्य व्यापार से जुड़े मुद्दों के निराकरण, प्रशासन से बेहतर समन्वय तथा सामाजिक सेवा के कार्यों को प्राथमिकता देगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक मजबूत और संगठित व्यापारिक संगठन न केवल व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम का संचालन मीठालाल जांगिड़ ने किया। उन्होंने कहा कि खाद्य व्यापार संघ व्यापारियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ रक्तदान, सामाजिक सहयोग और जनसेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहा है। एक सशक्त संगठन ही व्यापारियों की आवाज़ को प्रभावी ढंग से प्रशासन और समाज तक पहुंचा सकता है।

**डीआरयूसीसी सदस्य बनने पर माणकमल भंडारी का सम्मान**

इस अवसर पर जोधपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) के सदस्य मनोनीत होने पर वरिष्ठ पत्रकार, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता माणकमल भंडारी का खाद्य व्यापार संघ की ओर से साफा पहनाकर, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन किया गया।

समारोह में उपस्थित व्यापारियों ने नवगठित कार्यकारिणी का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती, व्यापारी हितों की रक्षा तथा समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्थान मेघ सेना के प्रदेशाध्यक्ष बने भेरूलाल मेघवाल, सराड़ा में हुआ सम्मान




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सराड़ा/सलूंबर@पदमावत मीडिया।** मेघ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी. के. मेघवाल ने संगठन विस्तार के तहत सेमारी तहसील के कुंडा निवासी भेरूलाल मेघवाल को राजस्थान प्रदेश मेघ सेना का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति के उपलक्ष्य में सराड़ा में मेघवाल समाज ने उनका सम्मान समारोह आयोजित किया। प्रदेशाध्यक्ष भेरूलाल मेघवाल ने समाज की एकता, उत्थान, आत्मसम्मान और जनजागरण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मेघ सेना सलूंबर जिलाध्यक्ष विनोद मेघवाल ने कहा कि क्षेत्र से पहली बार प्रदेशाध्यक्ष बनने पर समाज में खुशी का माहौल है और इससे समाज को नई दिशा मिलेगी। समारोह में समाजजनों ने साफा, माला, तिलक एवं उपरणा पहनाकर भेरूलाल मेघवाल का सम्मान किया। इस अवसर पर सोहनलाल मेघवाल, भूरीलाल मेघवाल, लक्ष्मीचंद मेघवाल, मणिलाल मेघवाल, देवीलाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# धर्म के नाम पर अधर्म का विरोध करना हर जैन का कर्तव्य : हार्दिक हुंडिया

♦ समाज से धर्म के नाम पर होने वाली गलत प्रवृत्तियों के खिलाफ जागरूक रहने का किया आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**धर्म जागरूकता का आह्वानः** हार्दिक हुंडिया ने जैन समाज से धर्म के नाम पर होने वाले कथित गलत कार्यों के प्रति सजग रहने और सत्य का साथ देने की अपील की।

**चुनौतियों के बावजूद अभियान जारीः** उन्होंने कहा कि धर्म जागृति के कार्य में कानूनी और सामाजिक चुनौतियां आती हैं, लेकिन वे अपने अभियान से पीछे नहीं हटेंगे।

**मुंबई।** जैन समाज के सक्रिय धर्म जागृति कार्यकर्ता हार्दिक हुंडिया ने समाज के नाम जारी एक संदेश में धर्म के नाम पर होने वाली कथित गलत प्रवृत्तियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करना प्रत्येक धर्मनिष्ठ व्यक्ति का दायित्व है और सत्य के पक्ष में खड़ा होना समय की आवश्यकता है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि कुछ शासनप्रेमी लोग समाज को धर्म के नाम पर होने वाले कथित दुरुपयोग और गलत कार्यों से बचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों के दौरान उन्हें विभिन्न कानूनी और सामाजिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद वे धर्म जागृति के अपने अभियान से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने समाज से प्रश्न करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को संभावित नुकसान या गलत कार्य के प्रति समय रहते सावधान किया जाए, तो समाज का भी दायित्व बनता है कि वह सत्य का साथ दे और जागरूकता का समर्थन करे। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि धर्म की रक्षा केवल उपदेशों से नहीं, बल्कि सत्य, जागरूकता और साहस के साथ खड़े होने से होती है। उन्होंने जैन समाज से अपील की कि वह धर्म के मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए सत्य और मर्यादा की रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान महावीर का शासन सदैव सुरक्षित रहेगा और अंततः विजय सत्य एवं धर्म की ही होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर होने वाले किसी भी कथित अनुचित कार्य के प्रति समाज को सजग रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## 'सृजन-2026' का पोस्टर विमोचन, 23 अगस्त को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह




**ब्यावर@पदमावत मीडिया।** पधारो म्हारे देश सामाजिक विकास संस्था की ओर से अखिल राजस्थान दमामी समाज के 'सृजन-2026' शैक्षणिक, करियर संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन संत श्री नारायण नाथ के सानिध्य में रास (मंडी गांव) में किया गया। यह आयोजन 23 अगस्त को ब्यावर स्थित श्री खाखी रिसोर्ट में होगा।

संस्था अध्यक्ष रजनीश परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और विशेषज्ञों से संवाद का अवसर उपलब्ध कराना है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा तथा करीब 500 से अधिक विद्यार्थी एवं युवा भाग लेंगे। संस्था ने समाजबंधुओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।


## मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि पर 32 कलाकारों ने दी संगीतमय श्रद्धांजलि



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सारेगामा परिवार उदयपुर की ओर से स्वर सम्राट मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि पर संगीत श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश मेहता की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में आयोजक हेमा जोशी, एच. काज़ी, राजकुमार बापना और सी.एस. सांखला ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन सी.एस. सांखला और विनोद जोशी ने किया।

इस अवसर पर 32 कलाकारों ने रफ़ी साहब के सदाबहार गीत प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरों से सजी संगीतमय संध्या ने संगीत प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सारेगामा परिवार ने सभी कलाकारों, श्रोताओं, आयोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## उदयपुर के प्रेमचंद बने 'किसान ब्रांड एंबेसडर'



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फलासिया पंचायत समिति के जालमपुर निवासी प्रगतिशील किसान प्रेमचंद कपाया को जैविक, पारंपरिक और प्राकृतिक खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'किसान ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें कोटा स्थित जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अब प्रेमचंद प्रदेशभर के किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देंगे।

## सवीना थाना पुलिस की कार्रवाईः नाबालिग बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

» पॉक्सो एक्ट के तहत मामला, तीनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने नाबालिग बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को 5 अगस्त 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा है।

पुलिस के अनुसार 14 जुलाई 2026 को परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब कर मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं 5/6 और 17/18 का इजाफा किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, वृत्ताधिकारी छवि शर्मा तथा सवीना थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी पीयूष (21) निवासी गांव दवाणा, थाना सराड़ा, जिला सलूम्बर तथा उसके दो सहयोगियों करण (20) निवासी पथिक नगर, उदयपुर और करण (19) निवासी खेड़ाड़-चिबोड़ा घाटी, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने, डरा-धमकाकर उससे विवाह करने और दुष्कर्म करने का अपराध किया। मामले में आगे का अनुसंधान जारी है।

## बीड़ा गांव में मुख्यमंत्री का रात्रि प्रवास, ग्रामीणों से संवाद कर जानी समस्याएं

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झाड़ोल के बीड़ा गांव में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने गांव का पैदल भ्रमण कर महिलाओं, किसानों, बच्चों और बुजुर्गों से मुलाकात की तथा अधिकारियों को जल निकासी सहित मूलभूत सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आवरा माता मंदिर में दर्शन किए और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि रात्रि चौपाल में की गई घोषणा के अनुरूप गांव में सरस डेयरी केंद्र की स्वीकृति देकर उसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वल्लभनगर पुलिस ने 24 घंटे में दोहरे हत्याकांड का किया खुलासा, कर्ज में डूबे आरोपी ने की थी मां-बेटी की हत्या

♦ संपत्ति हड़पने और लूट के इरादे से रची साजिश, आरोपी गिरफ्तार, वारदात में लूटे गए जेवर भी बरामद करने के प्रयास जारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** उदयपुर जिले की वल्लभनगर थाना पुलिस ने सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का मात्र 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने आर्थिक तंगी, बढ़ते कर्ज और संपत्ति हड़पने की मंशा से वृद्ध महिला और उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ पुत्री की हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार 1 अगस्त 2026 को मुंडोल निवासी नानालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी दत्तक माता लूंगा बाई और बहन अमरी बाई अपने घर में मृत मिलीं। प्रारंभिक रिपोर्ट में अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूट के इरादे से हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, घटनास्थल से मिले सुराग, मुखबिर तंत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर जमीन उर्फ बंटी देव (37) निवासी वल्लभनगर, हाल प्रतापनगर, उदयपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने वृद्ध महिला का विश्वास जीतकर स्वयं को परिवार के निकट कर लिया था और भविष्य में उनकी संपत्ति पर अधिकार पाने की योजना बना रहा था। जब उसकी मंशा पूरी नहीं हुई तो उसने सुनियोजित तरीके से घर में घुसकर लूंगा बाई और उनकी मानसिक रूप से अस्वस्थ पुत्री अमरी बाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी तथा जेवर लेकर फरार हो गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लोगों और बैंकों से लिया गया कर्ज समय पर नहीं चुका पा रहा था। लगातार बढ़ते आर्थिक दबाव और कर्ज से निकलने के लिए उसने लूट और हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद वह लोगों के बीच रहकर हत्या की जानकारी लेता रहा ताकि किसी को उस पर संदेह न हो। मामले के खुलासे में वल्लभनगर थाना पुलिस, जिला स्पेशल टीम (डीएसटी), साइबर सेल तथा अन्य पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है तथा लूटे गए जेवर और अन्य साक्ष्यों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## भारत विकास परिषद भामाशाह का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** भारत विकास परिषद भामाशाह शाखा का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर-4 स्थित मातेश्वरी रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डॉ. राजकुमारी भार्गव ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मीरा शर्मा, सचिव डी.सी. सिंघवी और कोषाध्यक्ष योगेश अग्निहोत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न संयोजकों एवं सहसंयोजकों के मनोनयन की घोषणा भी की गई। समारोह में परिषद की ओर से शहर को हराभरा बनाने के लिए 'जन्मदिन मनाइए, एक पेड़ भी लगाइए' अभियान को इस वर्ष भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



# बारिश के मौसम में पेड़-पौधों पर इस चीज का करें छिड़काव, दीमक का होगा सफाया

बरसात के मौसम में कीड़े-मकौड़े बहुत ही परेशान करते हैं। खासकर इस मौसम में दीमक की समस्या सबसे ज्यादा होती है। दीमक घर ही नहीं बल्कि पेड़-पौधों पर भी आतंक मचाने लगते हैं। ऐसे में एक घोल की मदद से आप पौधों से दीमकों का सफाया कर सकते हैं।

बारिश का मौसम बागबानी के लिए बहुत ही अच्छा माना जाता है। इस मौसम में पेड़-पौधे बहुत ही हरे-भरे नजर आते हैं। हालांकि, इसके साथ ही कई तरह के कीड़े-मकौड़े भी पेड़-पौधों पर आतंक मचाने लगते हैं। बारिश के मौसम में पेड़-पौधों में दीमक घर बसा लेते हैं। एक बार अगर किसी पौधे पर दीमक लग जाए, तो वो उसे खोखला ही कर देते हैं। दीमक की वजह से अच्छा खासा पौधा भी खराब हो सकता है। अगर एक बार दीमक किसी पौधे पर लग जाए, तो वो मर भी जाता है। ऐसे में आपकी सारी मेहनत खराब हो सकती है। एक गार्डनर के लिए अपने पौधे को खराब होता देखना बहुत मुश्किल होता है। अगर आपके पौधे में भी दीमक लग गए हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। आप एक घोल की मदद से इनसे छुटाकार पा सकते हैं।

## क्या-क्या चाहिए?

छाछ, हींग, तांबे का टुकड़ा
मिट्टी का मटका

## दीमक भगाने का घोल कैसे बनाएं?

पौधों से दीमक भगाने का घोल बनाने के लिए सबसे एक मिट्टी के मटके में छाछ लेनी है। इस छाछ के साथ आपको हींग भी मिलानी है। इन दोनों चीजों को 1 मिनट तक अच्छे से मिक्स करें। अब इसमें एक एक तांबे का टुकड़ा डालकर इसे सूती कपड़े से ढक दें। मटके का मुंह अच्छे से बंद होना चाहिए। इस घोल को 1 हफ्ते के लिए किसी छांव वाली जगह पर रख दें। एक हफ्ते के बाद इस घोल को एक स्प्रे बॉटल में भर लें। इस तरह पेड़-पौधों से दीमक भगाने वाला आपका स्प्रे बनकर तैयार हो जाएगा।

छाछ वाले इस तैयार कीटनाशक की मदद से आप किसी भी पौधे से दीमकों का सफाया कर सकते हैं। इसे स्प्रे बॉटल में डालकर पेड़ के दीमक वाले हिस्सों पर स्प्रे करें। इसे लगातार 2-3 दिनों तक स्प्रे करने पर आपको इसका अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा।

इन तरीकों से करें दीमकों का सफाया

- आप नीम के पत्तों की मदद से भी दीमकों को भगा सकते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों को पानी में उबाल लें। इस पानी को पौधों पर स्प्रे करने से दीमकों का सफाया हो सकता है।
- तंबाकू को पानी में उबालकर उसे पौधों पर स्प्रे करने से भी आपको पेड़-पौधों पर होने वाली दीमकों से राहत मिल सकती है।



अपनी कमाई से खुद का घर खरीदना हर किसी का सपना होता है, लेकिन घर या फ्लैट खरीदना एक बहुत बड़ा पैसों का निवेश माना जाता है। आम तौर पर लोग गर्मी या ठंड में घर या फ्लैट खरीदना पसंद करते हैं, लेकिन रियल एस्टेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि बारिश में घर या फ्लैट खरीदना फायदेमंद सौदा है।

# मानसून में घर या फ्लैट खरीदना फायदेमंद सौदा



हर किसी का सपना होता है कि जिंदगी में एक बार खुद के पैसों से घर खरीदें। लेकिन, आजकल महंगाई के दौर में घर खरीदना बहुत बड़ा निवेश माना जाता है, इसलिए लोग इसे खरीदने से पहले कई तरह से जांच-पड़ताल करते हैं और फिर खरीदते हैं। कई बार लोगों के मन में सवाल आता है कि घर या फ्लैट खरीदने का सबसे सही मौसम कौन सा होता है। ज्यादातर लोग गर्मी या सर्दी के मौसम में घर खरीदना सही समझते हैं, क्योंकि उस समय मौसम अच्छा होता है और घर देखने जाना भी आसान होता है। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी कि प्रॉपर्टी एक्सपर्ट्स का मानना है कि मानसून के दौरान यानी बारिश के मौसम में घर या फ्लैट खरीदना असल में ज्यादा समझदारी भरा फैसला होता है।

बारिश के मौसम में घर या फ्लैट खरीदने से आपको बिल्डिंग की असली हालत देखने को मिलती है और आस-पास की जगह की असली तस्वीर सामने आ जाती है, जिससे घर के अंदर छिपी कमियों का पता चल जाता है। इसके अलावा, इस मौसम में आपको छूट और ऑफर भी मिल सकते हैं क्योंकि खरीददारों की संख्या कम होती है।

## बारिश में कम लोग खरीदते हैं और आपको मिल सकती है बेहतर डील

मानसून के दौरान ज्यादातर लोग घर या फ्लैट खरीदने से बचते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि बरसात में घर देखने जाना मुश्किल होगा। ऐसे में रियल एस्टेट बाजार में खरीददारों की संख्या घट जाती है, जिससे बिल्डर्स और प्रॉपर्टी के मालिक अपने फ्लैट या मकान पर आपको छूट और ऑफर देने लगते हैं।

## बारिश में घर की असली हालत पता चलती है

जब आप घर या फ्लैट खरीदने के लिए उसे गर्मी या सर्दी के मौसम में देखते हैं, तो वहां आपको सब कुछ साफ-सुथरा और ठीक-ठाक लग सकता है। लेकिन, जब आप बारिश में घर या फ्लैट की जांच करने जाते हैं, तो आपको घर की दीवारों, छतों और बालकनी में पानी का रिसाव, सीलन, नमी और लीकेज जैसी परेशानियां साफ दिखाई दे जाती हैं। ये सब देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि घर कितना मजबूत और वाटरप्रूफिंग वाला है।


## इलाके की असली हालत जानें

जब आप घर या फ्लैट खरीदने का सोचते हैं, तो आप केवल घर ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास के इलाके का भी ध्यान रखते हैं। बारिश के मौसम में इसकी सही परख हो पाती है। मानसून में आप साफ-साफ देख पाते हैं कि जहां आप घर या फ्लैट खरीदने जा रहे हैं, वहां की सड़कों में पानी भर जाता है या नहीं, क्या आपके अपार्टमेंट या कॉलोनी के पास पानी जमा होता है, क्या बारिश के बाद आपके इलाक़े में बहुत ट्रैफिक लग जाता है और बारिश के बाद ऑफिस जाना या बाहर निकलना आसान है या मुश्किल? इन सभी का अनुभव आपको बारिश के मौसम में लाइव हो जाता है।

## मानसून में मिलते हैं बेहतर सौदे और लोन में राहत

रियल एस्टेट एक्सपर्ट का मानना है कि मानसून के दौरान घर या फ्लैट खरीदना आर्थिक रूप से भी फायदेमंद हो सकता है। इस मौसम में बैंकों में लोन की मांग कम होती है, जिसकी वजह से आपको कम ब्याज दरों या आसान EMI विकल्पों के साथ होम लोन मिल सकता है।

# प्लॉट खरीदने में डूब ना जाए जिंदगी भर की मेहनत की कमाई



क्या आप भी प्लॉट खरीदने का प्लान बना रहे हैं? अगर आप भी जमीन खरीदने वाले हैं, तो आपको कुछ जरूरी दस्तावेज जरूर चेक कर लेने चाहिए। अगर आप कुछ चीजें चेक किए बिना प्लॉट लेते हैं, तो आपकी मेहनत की कमाई डूब भी सकती है।

हर किसी का सपना होता है कि उसके पास अपना खुद का घर हो। इसके लिए लोग जीवन भर पैसे जोड़ते हैं, तब जाकर कहीं अपने खुद के घर का सपना पूरा कर पाते हैं। कुछ लोग बना बनाया घर लेना पसंद करते हैं, तो कुछ प्लॉट खरीदकर उस पर अपनी पसंद का घर डिजाइन करना सही समझते हैं। बहुत से लोग पैसों को इंवेस्ट करने के इरादे से भी प्लॉट्स खरीदते हैं, ताकि उन्हें भविष्य में उस प्लॉट से अच्छा मुनाफा मिल सके। अगर प्लॉट खरीदते हुए कुछ बातों का ख्याल ना रखा जाए, तो इससे फायदे की जगह नुकसान भी हो सकता है। अगर आप प्लॉट खरीदने से पहले कुछ चीजें चेक नहीं करते, तो आपकी मेहनत की कमाई डूब भी सकती है। आइए जानें, प्लॉट खरीदने से पहले क्या-क्या चेक करना चाहिए?

## टाइटल डीड चेक कर लें

कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच करना बहुत ही जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको भारी नुकसान हो सकता है। इससे आपके सारे पैसे भी डूब सकते हैं। ऐसे में प्लॉट खरीदने से पहले उसकी टाइटल डीड जरूर चेक करें। टाइटल डीड से आपको यह पता लगेगा कि जमीन का असली मालिक कौन है। जमीन के असली मालिक को ही प्लॉट बेचने का हक होता है। ऐसे में चेक कर लें कि कहीं कोई और तो आपको जमीन नहीं बेच रहा है।

## इन डॉक्यूमेंट्स की भी करें जांच

टाइटल डीड के अलावा भी आपको कई जरूरी दस्तावेजों की जांच करनी होगी। प्लॉट की डील फाइनल करने से पहले जमीन की खतौनी और खसरा नंबर जैसे डॉक्यूमेंट भी देख लें। साथ ही, प्लॉट के रजिस्ट्रेशन से जुड़े डॉक्यूमेंट्स भी देख लें। इस बात की भी जांच कर लें कि जमीन का रजिस्ट्रेशन हो रखा है या नहीं। म्यूटेशन रिकॉर्ड की भी जांच करें, ताकि पता लग सके कि जिससे आप प्लॉट ले रहे हैं, जमीन उसी के नाम है या नहीं।

## इनकंब्रेंस सर्टिफिकेट चेक करें

जमीन लेने से पहले इनकंब्रेंस सर्टिफिकेट की भी जांच करें। यह सब रजिस्टार ऑफिस से मिल जाएगा। इस बात की जांच जरूर कर लें कि कहीं जमीन पर पहले से कोई लोन तो नहीं लिया गया है और अगर कोई लोन लिया गया था, तो वह पेंडिंग तो नहीं है। प्लॉट फाइनल करने से पहले ग्राम पंचायत, नगर निगम या विकास प्राधिकरण से एनओसी भी ले लें। अगर आप कोई खेती वाली जमीन खरीदकर उस पर घर बनाना चाहते हैं, तो कन्वर्जन सर्टिफिकेट भी जरूर ले लें।

# हर आउटफिट के साथ अच्छे लगेंगे ये ओपन टो फुटवियर





**जब भी हम कम्फर्टेबल रहने की बात करते हैं, तो अक्सर नए और ट्रेंडी डिजाइन वाले कपडों को खरीदते हैं। लेकिन कपड़ों के साथ-साथ हमें पैरों को भी कम्फर्टेबल रखना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पैरों में दर्द भी नहीं होता है। साथ ही, पैर भी अच्छे लगते हैं। इस बार आप ओपन टो डिजाइन वाली फुटवियर को स्टाइल करें।**

## ओपन टो वर्क वाली फुटवियर


आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए ओपन टो वर्क वाली फुटवियर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इसे पहनने के बाद आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। इसमें ऊपर की तरफ थ्रेड वर्क और स्टोन मिलेगा। इसके साथ साइड में भी कटवर्क मिलेगा। इससे आपके पैरों में यह पहनने वाली फुटवियर अच्छी लगेगी। इस तरह के फुटवियर आपको 500 से 800 रुपये में मिल जाएंगे।

## स्टोन वर्क वाली फुटवियर

आप पैरों को सुंदर दिखाने के लिए फोटो में नजर आने वाली फुटवियर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की फुटवियर काफी अच्छी लगती ह। इसमें आपको आगे और पीछे की तरफ स्टोन वर्क मिलेगा। इसमें आप चाहें तो हील्स भी ले सकती हैं। साथ ही, आप चाहें तो प्लेन भी ले सकती हैं। इसे आप अपने एथनिक और वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के फुटवियर 600 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

## प्लेन डिजाइन वाली ओपन टो फुटवियर

आप अगर आपने पैरों को सुंदर बनाना चाहते हैं, तो आप प्लेन डिजाइन वाली ओपन टो फुटवियर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपके पैर अच्छे लगने लगेंगे। इसमें आप प्लेन डिजाइन को चूज करें। इसे आप किसी भी कलर के आउटफिट और पैटर्न के साथ वियर कर सकती हैं। आपको मार्केट में इस तरह की फुटवियर आसानी से मिल जाएंगी।



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-9594542679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in ( नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।